अअमासं RDSO
रेल अग्रदूत Transforming Railways
www.rdso.indianrailways.gov.in

प्रज्ञप्ति
HIGHLIGHTS

खण्ड–35 Vol. 35 | अंक–2 No. 2 | त्रैमासिक Quarterly | अप्रैल–2025 | April-2025

# आर.डी.एस.ओ. में 76वाँ गणतंत्र दिवस का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. में 76वाँ गणतंत्र दिवस पूरे उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। आर.डी.एस.ओ. स्टेडियम में आयोजित इस समारोह में महानिदेशक, आर.डी.एस.ओ. श्री उदय बोरवणकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आरपीएफ टुकड़ी की सलामी ली।

इस अवसर पर क्रान्ति वीरों के बलिदान को नमन करते हुए महानिदेशक महोदय ने सभी को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं आर.डी.एस.ओ. के सभी कर्मियों का आभार व्यक्त किया जिनके अथक परिश्रम एंव समर्पण से आर.डी.एस.ओ. ने कई उल्लेखनीय सफलतायें अर्जित की हैं। इस अवसर पर उन्होंने आर.डी.एस.ओ. द्वारा निरंतर की जा रही प्रगति एंव विकास का परिचय देते हुए पिछले एक वर्ष में पूर्ण किए गए महत्वपूर्ण कार्यों एंव परियोजनाओं का उल्लेख किया।



इन उपलब्धियों एवं कार्यों में आर.डी.एस.ओ. द्वारा हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन के विकास के लिए स्पेसिफिकेशन विकसित करने, नई ऊँचाई स्थापित करते हुए रिकॉर्ड समय में वंदे मेट्रो नमो भारत रैपिड रेल कोच के लिए महत्वपूर्ण परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा करने, नए डिजाइन वाले 16 कोच के वंदे भारत स्लीपर रेक का दोलन परीक्षण करने, रेलगाड़ियों के संचालन में सुरक्षा बढ़ाने के लिए ट्रैक के रखरखाव में मदद प्रदान करने हेतु तीन अत्याधुनिक ट्रैक रिकॉर्डिंग कार इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनीटरिंग सिस्टम (ITMS) की शुरूआत करने एवं अन्य कार्य शामिल है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने आर.डी.एस.ओ. द्वारा लोको पायलट, स्टेशन मास्टर और मोटरमैन के चयन और पदोन्नति हेतु उम्मीदवारों का सफलतापूर्वक अभिवृत्ति परीक्षण करने, मेट्रो रेलवे और पीएसयू के ट्रेन संचालन में सहयोग हेतु नागपुर मेट्रो, यूपी मेट्रो, बेंगलुरु मेट्रो, मध्य प्रदेश मेट्रो, डीएमआरसी, केआरसीएल, डीएफसीसीआईएल और एनसीआरटीसी के लिए उम्मीदवारों का अभिवृत्ति परीक्षण करने जैसे सराहनीय कार्यों का भी उल्लेख किया।



अंत में महानिदेशक महोदय द्वारा आर.डी.एस.ओ. के 03 कर्मचारियों को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 के तहत सराहनीय सेवा के प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। साथ ही रेल महिला कल्याण संघ, आर.डी.एस.ओ. द्वारा सितम्बर माह में अयोजित किये गये चित्रकला तथा निबन्ध प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को अध्यक्षा आरडब्ल्यूडब्ल्यूए, श्रीमती मनीषा बोरवणकर द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किये गये एवं उन्होंने आरडब्ल्यूडब्ल्यूए की अन्य सदस्याओं के साथ आर.डी.एस.ओ. चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से मुलाकात की तथा उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की तथा उन्हें उपहार वितरित किये।

इस अवसर पर श्री पी. एस. शमी, महानिदेशक (विशेष) विक्रेता विकास, श्री एस. के. बंसल, महानिदेशक (विशेष) इंजी. तथा आर.डी.एस.ओ. के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण, उनके परिवारजन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# आर.डी.एस.ओ. ने राजकोट में आयोजित 9वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर–2025 प्रदर्शनी में भाग लिया




आर.डी.एस.ओ. ने 2 से 5 फरवरी 2025 तक राजकोट में आयोजित 9वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर–2025 प्रदर्शनी में भाग लिया। इस प्रदर्शनी का 02 फरवरी 2025 को गुजरात के राजकोट में एनएसआईसी ग्राउंड में लघु उद्योग भारती की मेजबानी में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुभारंभ हुआ।

आर.डी.एस.ओ. ने अपने स्टॉल पर विभिन्न रोलिंग स्टॉक मॉडल और उन्नत तकनीकों जैसे 'कवच' और नेटवर्क इन बॉक्स (एनआईबी) का प्रदर्शन किया। आर.डी.एस.ओ. की हालिया उपलब्धियों को पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया और संभावित विक्रेताओं के लिए दिशानिर्देशों के साथ अद्यतन जानकारी पैम्फलेट के माध्यम से वितरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान, आर.डी.एस.ओ. ने अपने विक्रेता आधार का विस्तार करने और भारतीय रेलवे की खरीद प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए उद्योग के अग्रणी लोगों और प्रतिनिधियों के लिए एक विक्रेता मिलन सत्र का आयोजन किया। इस आयोजन में श्री पवन कुमार शर्मा, कार्यकारी निदेशक/गुणवत्ता आश्वासन/एस एंड टी/जयपुर ने विभिन्न रेलवे इकाइयों की भागीदारी के साथ भारतीय रेलवे के लिए विक्रेता आधार को बढ़ाने के उद्देश्य से 3 फरवरी को आयोजित एक संगोष्ठी में आर.डी.एस.ओ. की ओर से 'यूवीएएम' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन विक्रेता पंजीकरण और अनुमोदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी तथा 4 फरवरी को आयोजित संगोष्ठी में श्री संजय कुमार शर्मा, कार्यकारी निदेशक, गुणवत्ता आश्वासन/यांत्रिकी/मुंबई



ने विक्रेता आधार का विस्तार करने हेतु एक विस्तृत प्रस्तुति दी और वहां उपस्थित सभी उद्योग प्रतिनिधियों और विक्रेताओं की शंकाओं का समाधान भी किया।



भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्रीमती निमूबेन बांभानिया, गुजरात के सांसद, एमएसएमई क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति, श्री अश्वनी कुमार, डीआरएम/राजकोट, लघु उद्योग भारती के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य रेलवे इकाइयों के प्रतिनिधियों ने नवीनतम तकनीकी नवाचारों का पता लगाने के लिए आर.डी.एस.ओ. स्टॉल का दौरा किया।

## आर.डी.एस.ओ. में "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" का आयोजन




अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन में दिनांक 7 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री उदय बोरवणकर महानिदेशक, आर.डी.एस.ओ. ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ जैसे होली समूह नृत्य, हास्य नाटक और नृत्य प्रस्तुति शामिल रही तथा महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। इस आयोजन ने महिला सशक्तिकरण और उनकी बहुमुखी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया।



कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक, आर.डी.एस.ओ. श्री उदय बोरवणकर द्वारा महिला कर्मचारियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। महानिदेशक महोदय ने अपने संबोधन में महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी और योगदान संगठन की सफलता का अभिन्न हिस्सा हैं। उनके समर्पण और मेहनत को सम्मान देना हमारी जिम्मेदारी है। इस प्रकार के आयोजनों से महिलाओं को न केवल प्रेरणा मिलती है, बल्कि उनके कौशल और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा मिलता है।

## आर.डी.एस.ओ. के मानक भवन में नए महिला कक्ष का उद्घाटन



आर.डी.एस.ओ .के मानक भवन में महिलाओं की सुविधा हेतु एक नए महिला कक्ष का उद्घाटन दिनांक 26.03.2025 को श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीमती प्रभा कश्यप, ऑफिस अस्सिटेंट/रोलिंग स्टॉक द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित, महानिदेशक महोदय ने अपने संबोधन में महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बनाए गए इस कक्ष के निर्माण को एक सराहनीय प्रयास बताया। इस अवसर पर रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं विशेष रूप से महिला कर्मचारी उपस्थित रहे।

यह पहल महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और आरामदायक स्थान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है एवं यह कदम कार्यरत महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में आर.डी.एस.ओ. की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस समारोह को सफलतापूर्वक पूरा करने में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए महिला कर्मचारियों के हित के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के प्रयासों को आगे भी जारी रखने की बात कही गयी।

## ए.आर.ए.आई. अधिकारियों का आर.डी.एस.ओ दौरा




ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ए.आर.ए.आई.), पुणे के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 20.03.2025 को आर.डी.एस.ओ. का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य आर.डी.एस.ओ. के साथ–साथ ए.आर.ए.आई. के अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने के लिए रुचि के सामान्य क्षेत्रों की पहचान करना था। बैठक की अध्यक्षता आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर ने की तथा इसमें आर.डी.एस.ओ. के विभिन्न डिजाइन निदेशालयों के प्रधान कार्यकारी निदेशकों एवं कार्यकारी निदेशकों ने भाग लिया।

ए.आर.ए.आई. टीम ने बाद में संबंधित आर.डी.एस.ओ. प्रयोगशालाओं जैसे श्रान्ति परीक्षण प्रयोगशाला, एयर ब्रेक प्रयोगशाला, रेल व्हील डायनेमिक्स प्रयोगशाला और इंजन विकास प्रयोगशाला का दौरा किया। इस दौरे का समापन एआरएआई अधिकारियों की रोलिंग स्टॉक निदेशालय के पीईडी और ईडी के साथ एक बैठक के साथ हुआ, जहां समस्या विवरण तैयार करने के लिए ए.आर.ए.आई. प्रतिनिधियों के साथ चिन्हित समस्या क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## आर.डी.एस.ओ. द्वारा ''एम्ब्रेसिंग एथिक्स'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

आर.डी.एस.ओ. के सतर्कता विभाग द्वारा दिनांक 25.03.2025 को ''एम्ब्रेसिंग एथिक्स'' विषय पर एक आकर्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य निदेशकों सहित वरिष्ठ और मध्यम प्रबंधन अधिकारियों के लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक क्षेत्रों में सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण के मूल्यों को सुदृढ़ बनाना था। इस सत्र को मुंबई के एक प्रख्यात कॉर्पोरेट कोच श्री हिमांशु विश्नोई ने संबोधित किया, जिन्होंने व्यावहारिक केस स्टडी के साथ नैतिकता और



सत्यनिष्ठा के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। इस सत्र की अध्यक्षता आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर ने की और इसमें आर.डी.एस.ओ. के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

श्री बिश्नोई ने एसटीए– स्टॉप, थिंक, आस्क के सिद्धांत का परिचय दिया, जिसमें भावनात्मक और तार्किक निर्णय लेने, मूल्यों और बुनियादी मूल्यों के बीच अंतर और व्यक्तिगत और व्यावसायिक संबंधों पर मूल्यों के प्रभाव पर जोर दिया गया। उन्होंने ईमानदारी के महत्व पर विस्तार से बताया और बताया कि कैसे नैतिक आचरण को प्राथमिकता देना किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को आकार दे सकता है।




कार्यक्रम का समापन महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. के एक व्यावहारिक भाषण के साथ हुआ, जिन्होंने शासन में जनता की धारणा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काम में निष्पक्षता और पारदर्शिता जनता की धारणा में भी स्पष्ट होनी चाहिए। अपने विशाल व्यावसायिक अनुभव से उन्होंने अधिकारियों को अपने दैनिक व्यवहार में बुनियादी अच्छाई का अभ्यास करने, हितधारकों के बीच आत्म–सम्मान और विश्वास को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र का समापन श्री अरुण कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी/आर.डी.एस.ओ. द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने वक्ता और प्रतिभागियों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की।

## रेलवे बोर्ड द्वारा आर.डी.एस.ओ. को राजभाषा में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य करने पर पुरस्कृत किया गया



रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 20.03.2025 को आयोजित 154वीं त्रैमासिक राजभाषा समीक्षा बैठक के अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लखनऊ को राजभाषा में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य करने के लिए रेल मंत्री राजभाषा शील्ड/ट्रॉफी एवं चल वैजयंती पुरस्कार योजना–आधार वर्ष 2023 के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार के रूप में श्री शिव सागर मिश्र चल वैजयंती प्रदान किया गया, जिसे आयोजन में संगठन का प्रतिनिधित्व कर रही मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा द्वारा प्राप्त किया गया।

इसी अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक आधार वर्ष – 2022 के अंतर्गत संगठन के पूर्व अपर महानिदेशक श्री शरद कुमार जैन को राजभाषा नीति के प्रचार–प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं अपना अधिकांश कार्य राजभाषा में करने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



संगठन के महानिदेशक श्री उदय बोरवणकर के कुशल नेतृत्व, मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा के बेहतर मार्गदर्शन एवं राजभाषा अधिकारी श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव एवं राजभाषा विभाग के समस्त कार्मिकों के सराहनीय प्रयासों के परिणामस्वरूप संगठन को ये उपलब्धियां प्राप्त हुईं जो कि राजभाषा हिंदी की उत्तरोतर प्रगति में प्रयासरत संगठन के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है।

## आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन



आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में दिनांक 26.03.2025 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक तथा छायावाद की प्रमुख कवयित्री महादेवी वर्मा जी की जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

इस बैठक में महानिदेशक महोदय सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों ने महादेवी वर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा–सुमन अर्पित किए। बैठक में पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार–प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। महानिदेशक महोदय ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया।



आर.डी.एस.ओ. की मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात, रेलवे बोर्ड द्वारा संगठन को द्वितीय पुरस्कार के रूप में श्री शिवसागर मिश्र चल वैजयंती, पूर्व अपर महानिदेशक श्री शरद कुमार जैन को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति–पत्र तथा दो कार्मिकों को प्राप्त व्यक्तिगत पुरस्कार से समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया।

राजभाषा अधिकारी, श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। आर.डी.एस.ओ. के श्री महेंद्र कुमार गुप्ता, निदेशक/रेलपथ मशीन एवं मॉनिटरिंग निदेशालय द्वारा "रेलपथ अभिलेखी यानों द्वारा भारतीय रेलपथों का अभिलेखन" विषय पर प्रस्तुति राजभाषा में दी गयी।

## आर.डी.एस.ओ. द्वारा भारतीय रेल में इलेक्ट्रिक ट्रैकशन के गरिमामयी 100 वर्ष पूर्ण होने पर समारोह का आयोजन



भारतीय रेल में इलेक्ट्रिक ट्रैकशन के गरिमामयी 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार टीआई निदेशालय आर.डी.एस.ओ. में दिनांक 20.03.2025 को उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक तकनीकी परिचर्चा आयोजित की गयी, जिसमें सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारतीय रेल में इलेक्ट्रिक ट्रैकशन के गरिमामयी 100 वर्ष की यात्रा और उसमें आर.डी.एस.ओ. के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला।

श्री राजेश मोहन, प्रधान कार्यकारी निदेशक एवं श्री निश्चल श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक ने भारतीय रेल में इलेक्ट्रिक ट्रैकशन की लंबी यात्रा की सफलता मे आर.डी.एस.ओ. के योगदान को भी सराहा। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

इस अवसर पर टीआई निदेशालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। भारतीय रेल में इलेक्ट्रिक ट्रैकशन की उत्तरोतर प्रगति में प्रयासरत संगठन के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है।

## आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का उद्घाटन



दिनांक 03 फरवरी, 2025 को महानिदेशक, आर.डी.एस.ओ. श्री उदय बोरवणकर, श्री अनूप विश्वास, रेडियोग्राफर और श्री नीरज, एचए की उपस्थिति में आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में एक नई 500 एमए एक्स–रे मशीन का उद्घाटन किया गया। यह अत्याधुनिक उपकरण अस्पताल की निदान क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे रोगियों के लाभ के लिए तेजी से और अधिक सटीक रेडियोलॉजिकल निदान संभव होगा।

आर.डी.एस.ओ. कर्मचारियों के बीच प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जागरूकता और ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 05 फरवरी, 2025 को आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इसी क्रम में टीबी उन्मूलन पर 100 दिवसीय सघन अभियान के



अंतर्गत आर.डी.एस.ओ. अस्पताल में दिनांक 28.02. 2025 को टीबी जांच शिविर (निक्षय शिविर) का आयोजन किया गया तथा 3 मार्च, 2025 को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. कमल किशोर, पीसीएमओ ने कान और श्रवण स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उचित स्वास्थ्य सेवा और शोर भरे वातावरण से बचने के महत्व पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त 12 मार्च 2025 को 'राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस'मनाया गया। इस आयोजन के माध्यम से लोगों को धूम्रपान के खतरनाक प्रभावों के बारे में शिक्षित करने के साथ उन्हें धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने की ओर ध्यान केंद्रित किया गया तथा 22 मार्च 2025 को डॉ. सतीश कुमार और उनकी टीम द्वारा ग्लूकोमा स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन एवं 24 मार्च 2025 को 'विश्व क्षय रोग दिवस' मनाया गया।

## अरुणोदय विद्यालय, में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



अरुणोदय विद्यालय, आर.डी.एस.ओ. ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया, जिसमें विद्यालय की जीवंत भावना और एथलेटिक क्षमता का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि, श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. और श्रीमती मनीषा बोरवणकर, अध्यक्षा, रेलवे महिला कल्याण संघ, आर.डी.एस.ओ. ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

अरुणोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने असाधारण खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेलों और



कार्यक्रमों में जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक/आर.डी.एस.ओ. और श्रीमती मनीषा बोरवणकर, अध्यक्षा/आरडब्लूडब्लूए ने विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए और उन्हें उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त दिनांक 03.02.2025 को रेलवे महिला कल्याण संघ, आर.डी.एस.ओ. की अध्यक्षा श्रीमती मनीषा बोरवणकर के कुशल निर्देशन एवं प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय की देखरेख में अरुणोदय विद्यालय के बच्चों के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 402 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।

**Kind Attention to Our Readers :**

- **The achievements and good work done in or out side RDSO, by all officers and staff are always welcome. They may send their brief write-up with photograph to the editor for inclusion in RDSO Highlights.**
- **The RDSO employees are also welcomed to send achievements/write-up of their wards along with photograph for inclusion in RDSO Highlights.**

**Editor, RDSO Highlights**

कार्यकारी निदेशक/प्रशासन, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, रेल मंत्रालय, लखनऊ द्वारा संपादित एंव प्रकाशित।

RDSO Website http://www.rdso.Indianrailways.gov.in

@RDSOLucknow @RDSOLucknowIR @rdso_lucknow @PublicRelationRDSO LinkedIn www.linkedin.com/in/rdsolucknow

Printed at : Prakash Packagers, Lucknow